खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता के दो खिलाड़ियों को डीएम-एसपी ने किया सम्मानित



खगड़िया (आससे)। 70वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में रग्बी खेल के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खगड़िया के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जिलाधिकारी विक्रम विरकर और पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में अंडर-17 वर्ग के 15 वर्षीय उज्ज्वल कुमार एवं अंडर-14 वर्ग में 12 वर्षीय रिमझिम कुमारी शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर खगड़िया जिले को गौरवान्वित ही नहीं किया बल्कि दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बिहार की अंडर -17 पुरुष टीम ने टीम ने फाइनल मैच में ओडिशा के विरुद्ध 17-7 से जीत दर्ज किया। वहीं बिहार के अंडर -15 महिला टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब को 30-0 से पराजित कर जीत हासिल की। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करना जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने दोनों खिलाड़ियों और उनके कोच कविता कुमारी से इस खेल के लिए आगे अभ्यासरत रहने और आने वाली परेशानियों के बारे में भी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि खगड़िया जिला प्रशासन उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगा.

घर की छत पर सोलर पैनल लगाने को ले शिविर

मधेपुरा (आससे)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बीते रोज मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कैंप लगाया गया। बिजली विभाग द्वारा आयोजित यह कैंप पांच नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक रंजन के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए जागरूक किया गया। कैंप के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने, पंजीकरण कराने व सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र विभिन्न वार्डों में आयोजित कैंप के दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार, सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार दास एवं कनीय विद्युत अभियंता सुशील कुमार ने सभी कैंपों का निरीक्षण किया तथा कैंप में उपस्थित वैंडर एवं विद्युत विभाग के कर्मियों को निर्देशित किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान उपस्थित बिजली उपभोक्ताओं को स्वयं सोलर पैनल लगाने के लिए जागरूक किया। विद्युत कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि इस अभियान के लिए मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया है। इन उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से अलग-अलग वार्डों में कैंप लगाने की व्यवस्था की गई है। कैंप में विद्युत विभाग के कर्मियों के साथ अधिकृत वेंडरों को भी लगाया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगवाने से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक सहयोग मिल सके। विद्युत कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को निर्धारित स्थलों पर कैंप आयोजित कर उपभोक्ताओं को योजना के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान पांच नवंबर तक चलाने की योजना है। इसके तहत बैंक रोड, सुभाष चौक, मधेपुरा नगर परिषद परिसर, विश्वविद्यालय चौक, रेलवे स्टेशन परिसर, कर्पूरी चौक, ब्लाक कैंपस, डीआरसी कार्यालय, जयपालपट्टी चौक, कालेज चौक एवं पुराना बस स्टैंड समेत विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाया गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील किया कि वह कैंप में पहुंचकर योजना की जानकारी लें एवं अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए आगे आएं। इससे बिजली बिल में बचत करने के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। जीवन सदन में शनिवार को कैंप का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के बुद्धिजीवी एवं व्यवसायियों के साथ सोलर से संबंधित बैठक आयोजित की जाएगी।

मंडल कारा में अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

मधेपुरा (आससे)। अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण का सफल समापनमंडल कारा, मधेपुरा में बंदियों के कौशल विकास एवं पुनर्वास के उद्देश्य से ऋस्श्वझ्ढ, मधेपुरा के तत्वावधान में आयोजित 12 दिवसीय अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर काराधीक्षक महोदय द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बंदियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा कारा से मुक्त होने के उपरांत सम्मानजनक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है।

सीके अनिल को शिक्षा विभाग का प्रधान सचिव बनाने पर शिक्षकों ने जतायी खुशी

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) (आससे)। बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल को प्रधान सचिव बनाए जाने पर मधेपुरा जिले के शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार चौरसिया ने कहा कि सीके अनिल के पदस्थापन से शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा तथा शिक्षकों की शोषण, प्रोन्नति और वेतन से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान हो सकेगा। शिक्षकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में ऐसे पदाधिकारी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मधेपुरा में जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार के पदस्थापन के बाद शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की उम्मीद जगी है। इसी तरह राज्य स्तर पर सीके अनिल के पदस्थापन से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ी है। वहीं, अनुमंडल पार्षद माध्यमिक शिक्षक संघ की अमृता कुमारी ने भी खुशी जाहिर करते हुए इसे शिक्षकों के हित में उम्मीद भरा कदम बताया। संजय क्रांति ने कहा कि शिक्षा विभाग में ऐसे पदाधिकारी की आवश्यकता थी। वंदना कुमारी ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि अब शिक्षकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक समाज के विकास की मजबूत नींव हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा रूपी शेरनी का दूध जो पिएगा, वह हर वक्त दहाड़ता रहेगा।

पानी समझ कर थिनर पीने से बच्ची की बिगड़ी तबियत

बेलदौर (खगड़िया) (आससे)। थाना क्षेत्र के बोबील पंचायत अंतर्गत भोराहा मुस्लिम टोला निवासी मो आसिफ की ढाई वर्षीय पुत्री आशिया खातून ने खेलने के दौरान गलती से थिनर पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना रविवार दोपहर करीब एक बजे की है। जानकारी के अनुसार, बच्ची की मां बेलदौर बाजार बर्तन खरीदने आई हुई थी और साथ में बच्ची भी थी। इसी दौरान बर्तन दुकानदार अपनी दुकान की रंगाई कर रहा था और उसने थिनर वहीं रख दिया था। मां का ध्यान हटने पर बच्ची ने पानी समझकर थिनर पी लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। ?परिजनों ने आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, खगड़िया रेफर कर दिया।

गौशाला मेला का खुला डाक कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डीएम और एसडीओ का जताया आभार

खगड़िया (आससे)। खगड़िया के प्रसिद्ध गौशाला मेला वर्ष 2026 का डाक 62 लाख 12 हजार रूपए में हुआ है। इसके लिए जिलाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा किए गए प्रयास और पहल को लेकर खगड़िया के प्रमुख समाजसेवियों ने उनका अभिनंदन किया है। डीएम श्री विरकर ने समाजसेवियों का आभार जताते हुए खगरिया वासियों से अनुरोध किया है कि इसी तरह सकारात्मक मुद्दे उनके संज्ञान में लाते रहें। उल्लेखनीय है कि गौ वंश की लगातार हो रही मौतें, गौशाला मेला डाक में धांधली और अन्य समस्या को लेकर जिला के प्रमुख समाजसेवियों ने डीएम से मिलकर उन्हें अपनी मांगों का आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा था। डीएम ने सभी बिन्दुओं की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से विशेष अनुरोध किया था कि खुली डाक कराकर गौशाला मेला लगाया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि वर्ष 2022 में खुली डाक से मेला बंदोबस्त करने से 43 लाख रुपए की एकमुश्त आय हुई थी। इसके अलावा अन्य मद में भी गौशाला कमिटी को लाखों रुपए की अतिरिक्त आमदनी हुई थी। लेकिन 2023 से गुपचुप तरीके से मनोरंजन कंपनी का चयन केवल 30 लाख में ही कर दिया गया जिससे लाखों रूपये की वित्तीय अनियमितता की चर्चा हुई थी। इस बार जिस तरह डाक की राशि 62 लाख रुपए से अधिक पहुंच गई वह ऐतिहासिक है। श्री त्यागी ने अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय की जमीन की बंदोबस्त भी इसी तरह खुली डाक से करने का अनुरोध जिलाधिकारी से किया है।

डीएम से मिलकर आभार व्यक्त करने वालों में श्री त्यागी के अलावा सुभाष चन्द्र जोशी, प्रफुल्ल चंद्र घोष, भरत सिंह जोशी, अंबरीष कुमार, ब्रजेश कुमार, रौशन कुमार आदि शामिल थे। इन लोगों ने गौशाला कमिटी के पदेन अध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार का भी आभार जताते हुए इनके कार्यकाल में गौशाला की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जताई है।

संत रामपाल के सत्संग का लाइव प्रसारण देखने के लिए पहुंचे सैकड़ों अनुयायी

बेलदौर (खगड़िया) (आससे)। प्रसिद्ध भगवती मंदिर चननदह स्थान पंचरासी में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सत्संग का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। जिसे देखने एवं सुनने के लिए दर्जनों की संख्या में उनके अनुयायियों ने भाग लिया। लाइव प्रसारण के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज ने संत कबीर के विचारों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग के पांच हजार पांच सौ पचास वर्ष बीत जाने के बाद इनका अवतार हुआ। इनके मत एवं विचारों से लोगों को अज्ञानता से मुक्ति मिली। संतों के विचारों से अवगत करवाते हुए उन्होंने कहा कि कबीर के बताए रास्ते पर ही चल कर समाज का उद्धार एवं कल्याण संभव है। सत्संग के लाइव प्रसारण को सफल बनाने के लिए आयोजकों के द्वारा चुस्त दुरूस्त व्यवस्था की गई थी। इसमें नि:शुल्क नामदीक्षा भी इच्छुक संत प्रेमियों को दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में निगरानी सेवादार देशबंधु पटेल दास, जिला सेवादार राजकुमार दास, भोला दास, एरिया सेवादार अमित दास एवं प्रखंड सेवादार बबलू दास की सक्रिय भूमिका रही।

सार्वजनिक मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर को भव्य रूप प्रदान करने का लिया गया निर्णय

बेलदौर (खगड़िया) (आससे)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बेलदौर बाजार के ऐतिहासिक सार्वजनिक मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर को भव्य और दिव्य स्वरूप दिए जाने को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की आमसभा आयोजित की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास संपन्न कराया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के इस प्रमुख आस्था केंद्र के नवनिर्माण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई। मालूम हो कि 1978 में दुर्गा मंदिर बना था जो पुराना भवन जगह की तंगी के चलते काफ़ी संकीर्ण था। आमसभा के दौरान श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पुराने ढांचे को हटाकर नए सिरे से विशाल मंदिर बनाने का प्रस्ताव पारित किया। लंबे समय बीतने के कारण भवन काफी जर्जर हो चुका था और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद के आगे परिसर छोटा पड़ रहा था। समाजसेवी ओमप्रकाश क्रांति ने बताया कि पूर्व में मंदिर को दान दी गई जमीन का एक बड़ा हिस्सा जमींदार द्वारा अन्य व्यक्ति को बेच दिए जाने से जगह की भारी किल्लत हो गई। इसे देखते हुए अब मंदिर को वर्तमान स्थल से थोड़ा पीछे ले जाकर भव्य रूप में तैयार किया जाएगा। समारोह के दौरान मूल रूप से महेशखूंट निवासी और वर्तमान में बेलदौर पीएचसी के समीप हार्डवेयर प्रतिष्ठान चलाने वाले कारोबारी कपिल देव साह ने मंदिर निर्माण में दान देने की बात कही। चेयरमैन प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रंजन राज ने बताया कि मंदिर का शिलान्यास विधिवत हो चुका है अब युद्धस्तर पर निर्माण कार्य आगामी नवंबर माह के पहले सप्ताह से तेज गति से शुरू करा दिया जाएगा। पारदर्शी व्यवस्था निर्माण कार्य और सहयोग राशि के पारदर्शी प्रबंधन के लिए मंदिर कमेटी के बैंक खाते के संचालन की औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। मौके पर मुख्य पार्षद ममता कुमारी, समाजसेवी ओमप्रकाश क्रांति, शिव कुमार अग्रवाल, श्रवण भगत, सुशील शर्मा, विपिन भारती सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित थे।

खगड़िया में टीएआरएल कार्यक्रम की अभ्यास कक्षाओं का केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम ने किया अवलोकन

खगड़िया (आससे)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर के मार्गदर्शन में जिले में संचालित टी ए आर एल कार्यक्रम की प्रगति एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम द्वारा जिले का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की केंद्रीय टीम में शामिल डॉ. रुक्मिणी, कंटेंट टीम के श्री सुदेश एवं बिहार स्टेट हेड श्री नैयर आलम ने मानसी प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय अरैया में संचालित भाषा एवं गणित की अभ्यास कक्षाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने कक्षा संचालन, बच्चों के वर्तमान शैक्षणिक स्तर के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों के चयन तथा प्रभावी शिक्षण पद्धतियों का जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने बी एल एम टी को अभ्यास कक्षाओं के बेहतर संचालन, बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। टीम ने कक्षाओं के संचालन एवं बच्चों की सहभागिता पर संतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों, विशेषकर स्नेह समिति एवं तकनीक आधारित शिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी विक्रम विरकर, उप विकास आयुक्त श्रीमती श्रेया श्री, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, अब तक प्राप्त उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर आवश्यक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इन गतिविधियों से विद्यालयों में बच्चों के शैक्षणिक स्तर के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों के संचालन एवं सीखने के परिणामों में सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को और गति मिलने की उम्मीद है।

संगम

Date : 01.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.30 p.m.	76
09.30 a.m.	57	03.00 p.m.	58
10.00 a.m.	14	03.30 p.m.	94
10.30 a.m.	77	04.00 p.m	22
11.00 a.m.	56	04.30 p.m.	06
11.30 a.m.	47	05.00 p.m.	97
12.00 noon	63	05.30 p.m.	32
12.30 a.m.	65	06.00 p.m.	67
01.00 p.m.	43	06.30 p.m.	49
01.30 p.m.	48	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	16	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

मुख्यमंत्री से उपयोग पोर्टल का शुभारंभ करने का नगर सभापति ने किया स्वागत

खगड़िया (आससे)। बिहार में शहरी प्रशासन को आधुनिक, डिजिटल और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के अंतर्गत सभी नगर निकायों के लिए विकसित उपयोग पोर्टल का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

खगड़िया की नगर सभापति श्रीमती अर्चना कुमारी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शहरी प्रशासन के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि आज के समय में नागरिकों को सरकारी सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था को सरल, सुलभ और तकनीक आधारित बनाना बेहद जरूरी है।

नगर सभापति ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत शुरू किया गया उपयोग पोर्टल नगर निकायों की सेवाओं को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। डिजिटल माध्यम से सेवाओं को उपलब्ध कराने से नागरिकों को सुविधाजनक तरीके से आवेदन करने, सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने और नगर निकायों की कार्यप्रणाली से जुड़ने में मदद मिलेगी। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा नागरिकों और नगर प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का अवसर मिलेगा. उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण, विभिन्न नागरिक सेवाओं, नगर निकायों से संबंधित आवेदनों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तकनीक से जोड़ना भी समय की मांग है। उपयोग पोर्टल के माध्यम से नगर निकायों की सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने और नागरिकों के लिए प्रक्रियाओं को अधिक सुगम बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। इससे शहरी प्रशासन में तकनीक का उपयोग बढ़ेगा और सेवाओं की उपलब्धता को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निकाय की सफलता का वास्तविक पैमाना यह है कि आम नागरिकों को कितनी आसानी और समय पर सुविधाएं मिल रही हैं। अक्सर नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में डिजिटल व्यवस्था नागरिकों की परेशानी कम करने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने में सहायक हो सकती है. नगर सभापति ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया डिजिटल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित प्रशासन की दिशा में इस पहल का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के अंतर्गत उपयोग पोर्टल का शुभारंभ शहरी निकायों को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नगर प्रशासन में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में नागरिक सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने का रास्ता तैयार होगा।

नगर सभापति अर्चना कुमारी ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उपयोग पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार के नगर निकायों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को नई मजबूती मिलेगी। नगर सभापति ने कहा कि डिजिटल प्रशासन, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों को बेहतर सुविधा यही आधुनिक खगड़िया की दिशा में हमारा लक्ष्य है।

बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा जिला इकाई ने निकला रोड मार्च

सहरसा (आससे)। जिला इकाई सहरसा के तत्वावधान में डाटा इट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, आईटी सहायक एवं संबंधित कर्मियों द्वारा अपनी बहुप्रतीक्षित माग 'राज्यकर्मी का दर्जा' को लेकर जोरदार रोड मार्च आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। रोड मार्च के माध्यम से कर्मियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सरकार का ध्यान अपनी वर्षों पुरानी माग की ओर आकृष्ट कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष नेहा रंजन एवं जिला सचिव नारायण पोद्दार ने किया। दोनों पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि डाटा इट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर एवं आईटी कर्मी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लंबे समय से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं तथा सरकारी कार्यों के डिजिटलीकरण एवं विभागीय कार्यप्रणाली को सुचारु बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद इन कर्मियों को अब तक राज्यकर्मी का दर्जा एवं समुचित सेवा-सुरक्षा प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की मांग कोई व्यक्तिगत लाभ की मांग नहीं, बल्कि उनके सम्मान, अधिकार, भविष्य की सुरक्षा एवं सेवा की स्थिरता से जुड़ा एक न्यायोचित विषय है। वर्षों से अपनी सेवाएँ देने वाले कर्मियों के प्रति सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। संयुक्त मोर्चा ने सरकार से पुरजोर मांग की कि राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी पात्र डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर एवं आईटी कर्मियों को अविलंब राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य मिल सके। रोड मार्च के दौरान कर्मियों में विशेष उत्साह एवं एकजुटता देखने को मिली। सभी ने एक स्वर में अपनी माग के समर्थन में आवाज बुलंद की तथा अपने अधिकारों की प्राप्ति तक लोकतात्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से सघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

मार्च के अंत में जिला इकाई की ओर से जिला अध्यक्ष नेहा रजन एवं जिला सचिव नारायण पोद्दार ने कार्यक्रम में शामिल सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और संगठित प्रयास से ही हमारी न्यायोचित मांग को मुकाम तक पहुँचाया जा सकता है।

चेतक

09.00 a.m.	36	02.30 p.m.	28
09.30 a.m.	54	03.00 p.m.	03
10.00 a.m.	01	03.30 p.m.	10
10.30 a.m.	82	04.00 p.m.	31
11.00 a.m.	07	04.30 p.m.	90
11.30 a.m.	06	05.00 p.m.	70
12.00 noon	87	05.30 p.m.	73
12.30 a.m.	55	06.00 p.m.	96
01.00 p.m.	92	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	63	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	24	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	32	02.30 p.m.	34
09.30 a.m.	06	03.00 p.m.	08
10.00 a.m.	50	03.30 p.m.	04
10.30 a.m.	26	04.00 p.m.	75
11.00 a.m.	97	04.30 p.m.	51
11.30 a.m.	94	05.00 p.m.	81
12.00 noon	14	05.30 p.m.	63
12.30 a.m.	70	06.00 p.m.	05
01.00 p.m.	34	06.30 p.m.	06
01.30 p.m.	10	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	77	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA

तारीख - 01-11-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6078	7052	01:45	6088	7026
09:15	6087	7040	02:00	6039	7096
09:30	6042	7028	02:15	6039	7084
09:45	6029	7030	02:30	6073	7037
10:00	6016	7024	02:45	6051	7061
10:15	6006	7029	03:00	6049	7081
10:30	6046	7071	03:15	6035	7009
10:45	6034	7091	03:30	6085	7068
11:00	6028	7041	03:45	6060	7070
11:15	6031	7022	04:00	6039	7084
11:30	6008	7070	04:15	6089	7071
11:45	6000	7083	04:30	6076	7007
12:00	6012	7062	04:45	6008	7093
12:15	6004	7093	05:00	6072	7090
12:30	6039	7086	05:15	6035	7000
12:45	6000	7012	05:30	6026	7015
01:00	6063	7012	05:45	6070	7009
01:15	6071	7001	06:00	6028	7007
01:30	6027	7064			

60
70
फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते हैं।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	89	MILLENNIUM	2.00 p.m.	58
SUBEHA	9.00 a.m.	31	100	2.30 p.m.	00
KIRAN	9.30 a.m.	69	DIAMOND	3.00 p.m.	18
HINDUSTANI	10.00 a.m.	16	SONA	3.30 p.m.	15
PRABHAT	10.30 a.m.	12	EXPRESS	4.00 p.m.	05
LAJBAB	11.00 a.m.	37	SPECIAL	4.30 p.m.	36
SAMRAT	11.30 a.m.	51	SANDHYA	5.00 p.m.	06
DELUX	12.00 noon	21	CHANDANI	5.30 p.m.	18
AFTERNOON	12.30 a.m.	64	SHAM	6.00 p.m.	95
KING	1.00 p.m.	41	EVENING	6.30 p.m.	83
ROYAL	1.30 p.m.	72	Check result with official website		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर अग्निशमन विभाग ने दी आग से बचाव की जानकारी

मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी किया जागरूक

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) (आससे)। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को फायर ब्रिगेड परिसर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एकता परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से लोगों को आग लगने के कारणों और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर ग्रामीणों के साथ अग्निशमन विभाग के महिला एवं पुरुष कर्मी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी हरेंद्र राय ने बताया कि आग लगने के कई प्रमुख कारण होते हैं। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों को आग से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय बताए और सतर्कता बरतने की अपील की।

उन्होंने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गाय-बैल को जूट की रस्सी से बांधते थे, लेकिन अब प्लास्टिक की रस्सी का उपयोग बढ़ गया है। आग लगने जैसी विषम परिस्थिति में जूट की रस्सी को मवेशी आसानी से तोड़कर भाग सकते हैं, जबकि प्लास्टिक की रस्सी नहीं टूट पाती है। इस कारण कई घटनाओं में मवेशियों के आग में झुलसने या जलने की सूचना मिलती है। उन्होंने लोगों से मवेशियों को बांधने में सुरक्षित विकल्प अपनाने और अगलगी की घटनाओं से बचाव के प्रति सजग रहने की अपील की। वहीं स्कूली बच्चे भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर कर भाग लिए।

MAHARAJA LOTTERY
01.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	52
09.00	M-Two	31
09.30	M-Three	38
10.00	M-Four	18
10.30	M-Six	70
11.00	M-Eight	69
11.30	M-Nine	07
12.00	M-Ten	40
12.30	M-Eleven	50
01.00	M-Tweleve	07
01.30	M-Fourteen	87
02.00	M-Fifteen	43
02.30	M-Seventeen	46
03.00	M-Eighteen	12
03.30	M-Nineteen	29
04.00	M-Twenty	15
04.30	M-Twenty-one	07
05.00	Mahajara Twenty	28
05.30	Mahajara Twenty one	40
06.00	Mahajara Twenty	76

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :01.11.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	56
09:00	RAJARANI SUBEHA	53
09:30	RAJARANI KIRAN	13
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	77
10:30	RAJARANI PRABHAT	16
11:00	RAJARANI LAJBAB	54
11:30	RAJARANI SAMRAT	17
12:00	RAJARANI DELUX	95
12:30	RAJARANI AFTERNOON	98
01:00	RAJARANI KINGS	31
01:30	RAJARANI ROYAL	58
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	50
02:30	RAJARANI HUNDRED	09
03:00	RAJARANI DIAMOND	89
03:30	RAJARANI SONA	65
04:00	RAJARANI EXPRESS	73
04:30	RAJARANI SPECIAL	19
05:00	RAJARANI SANDHYA	14
05:30	RAJARANI CHANDANI	95
06:00	RAJARANI SHAM	71

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

न्यायालय,
श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, खगड़िया
दिवानी अपील वाद सं.-01/17
उमेश दास....................अपीलार्थी
बनाम
सुखनी देवी वगैरह............उत्तरवादी
गजट प्रकाशन बनाम्

1. निरंजन कुमार पे.-स्व. सिकन्दर सिंह 2. विज्ञान सिंह पे.-स्व. सिकन्दर सिंह 3. सीमा देवी पति-स्व. आनन्दी शर्मा 4. मनोज शर्मा पे.-स्व. आनन्दी शर्मा 5. इन्दल शर्मा पे.-स्व. आनन्दी शर्मा 6. सौरव शर्मा पे.-स्व. आनन्दी शर्मा, सभी साकिनान-करना, थाना-परबत्ता, जिला-खगड़िया।

चूं वजरिये इस गजट प्रकाशन से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी ने आपलोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर किया है। जिसमें सम्मन की दोहरी अपेक्षाएं के बावजूद आपलोग उपस्थित नहीं हुए हैं। अब इस गजट प्रकाशन से आपलोगों को आगाह किया जाता है कि दिनांक 18.11.2026 समय 10.20 बजे इस न्यायालय में असालतन/वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखें, नहीं तो एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह मेर हस्ताक्षर व न्यायालय के मोहर से जारी किया जाता है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय खगड़िया

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

01.11.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	94	42	65	07
09:00	58	73	60	11
09:30	86	65	47	14
10:00	95	99	00	77
10:30	60	63	97	39
11:00	60	24	19	78
11:30	21	52	24	24
12:00	66	25	42	65
12:30	26	44	02	37
01:00	37	52	31	12
01:30	81	32	69	94
02:00	58	32	85	04
02:30	31	75	72	87
03:00	18	27	54	14
03:30	59	03	81	37
04:00	17	68	60	77
04:30	65	87	50	19
05:00	74	58	97	46
05:30	93	85	21	77
06:00	76	01	29	15
06:30	27	49	51	40

ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करें
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

राजश्री
Date : 01.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.00 p.m.	15
09.30 a.m.	95	02.30 p.m.	70
10.00 a.m.	24	03.00 p.m.	93
10.30 a.m.	07	03.30 p.m.	80
11.00 a.m.	92	04.00 p.m.	34
11.30 a.m.	30	04.30 p.m.	09
12.00 noon	94	05.00 p.m.	45
12.30 p.m.	50	05.30 p.m.	78
01.00 p.m.	98	06.00 p.m.	67
01.30 p.m.	13	06.30 p.m.	40

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608